# उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल प्रवेश परीक्षा

**प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या :100** **समय: 2.00 घंटे**

**अधिकतम अंक : 100**

## कक्षा - षष्ठी

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश**

**1. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।**

**2. प्रत्येक प्रश्न का एक ही उत्तर दीजिए।**

**3. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।**

**4. प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। OMR Sheet पर अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को नीले या काले बॉल पॉइंट पेन से भरें।**

**5. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंक नहीं है। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर को गलत माना जाएगा किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जाएगा।**

**6. कृपया अपना मोबाइल नम्बर व अन्य आवश्यक जानकारी ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत अथवा अपूर्ण जानकारी भरने पर परिणाम रोका जा सकता है जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।**

**चेतावनी:अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनाधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा सकती है।**

**इस परीक्षा पुस्तक को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

## Section–I Hindi (हिन्दी)

**निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो-**

हुलस रहा माटी का कण-कण, उमड़ रही रस धार है।
त्योहारों का देश हमारा, हमको इससे प्यार है।
मन-भावन सावन आते ही,
हरियाली छा जाती है।
राखी के दिन बहिन खुशी से,
फूली नहीं समाती है।
घर बाहर झूले ही झूले
गाते राग मल्हार हैं।
त्योहारों का देश हमारा,
हमको इससे प्यार है॥

**1. राखी का त्योहार किस माह में आता है?**

(a) श्रावण (b) भाद्रपद
(c) कार्तिक (d) फाल्गुन

**2. छब्बीस जनवरी को मनाया जाता है-**

(a) आजादी का दिवस (b) शहीद दिवस
(c) गणतंत्र दिवस (d) बाल दिवस

**3. मल्हार राग मुख्य रूप से किस ऋतु में गाया जाता है-**

(a) सर्दी में (b) बसंत में
(c) गर्मी में (d) वर्षा ऋतु में

**4. त्योहारों का देश है-**

(a) अमेरिका (b) इंग्लैण्ड
(c) भारत (d) रूस

**5. भाई-बहिनों का त्योहार है-**

(a) ईद (b) होली
(c) राखी (d) दीपावली

**निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो-**

एक अमीर बाप का बेटा आलसी और निर्लज्ज था। एक दिन पिता ने उसे कुछ कमा कर लाने को कहा। लड़का अपनी माँ के पास मिन्नतें कर एक रुपये का सिक्का ले आया और अपने पिता को सौंप दिया। पिता सब कुछ समझ गया था। उसने बेटे को वह सिक्का कुएँ में डालने को कहा। लड़के ने झट से उसे कुएँ में फेंक दिया। अगले दिन पिता ने लड़के से फिर कुछ कमा कर लाने की बात कही। अबकी बार लड़के ने अपनी बहन से एक रुपया लाकर पिता को दे दिया तथा पिता के कहने पर उसे भी कुएँ में डाल दिया। अगले दिन पिता ने माँ-बेटी को घर से बाहर भेज दिया, और लड़के से कमाकर लाने की बात कही। बेटा दिनभर घर सुस्त बैठा रहा। अंत में शाम के समय वह कुछ काम ढूँढ़ने के लिए बाजार में गया। वहाँ पर एक सेठ ने अपना सामान घर पर पहुँचाने के बदले उसे चवन्नी दी। लड़का थक गया था। उसका शरीर दर्द कर रहा था। रात में उसने वह चवन्नी अपने पिता को दे दी। पिता ने उसे फिर कुएँ में डालने की बात कही। इस पर लड़के को गुस्सा आ गया। उसने कहा यह मेरी मेहनत की कमाई है। अनुभवी पिता समझ गया था कि बेटे को मेहनत की कमाई का मतलब समझ आ गया था। अगले ही दिन उसने अपना सारा व्यापार लड़के को सौंप दिया।

**6. अमीर बाप का लड़का कैसा था?**

(a) मेहनती (b) परिश्रमी
(c) जुझारू (d) लापरवाह

**7. अमीर पिता ने आलसी पुत्र को कुछ कमा के लाने के लिए कहा। पहले दिन लड़के ने किससे पैसे माँगे?**

(a) पिता से (b) माँ से
(c) भाई से (d) चाचा से

**8. पिता ने रुपया कहाँ फेंकने को कहा?**

(a) कुएँ में (b) बाजार में
(c) रास्ते में (d) नदी में

**9. संदूक उठाने के बदले में लड़के को क्या मिला?**

(a) एक रुपया (b) अठन्नी
(c) चवन्नी (d) दस रुपये

**10. 'मेहनत की कमाई' पाठ से अमीर बाप ने अपने आलसी बेटे को बुलाकर कहा-**

(a) सोने के लिए (b) खेलने के लिए
(c) पढ़ाई के लिए (d) पैसा कमाने के लिए

**11. भाषा की सबसे छोटी इकाई है**

(a) शब्द (b) वाक्य
(c) वर्ण (d) वाक्यांश

**12. निम्नलिखित में कौन 'पक्षी' का पर्यायवाची नहीं है?**

(a) विहंग (b) खेचर
(c) पंछी (d) नग

**13. 'मर्कट' किसका पर्यायवाची शब्द है?**

(a) हाथी (b) घोड़ा
(c) बंदर (d) सिंह

**14. 'दीर्घ' का विलोम होगा-**

(a) बड़ा (b) ह्रस्व
(c) छोटा (d) लम्बा

**15. निम्नलिखित में भाववाचक संज्ञा है-**

(a) गंगा (b) लड़का
(c) मिठास (d) सेवक

**16. 'यश' संज्ञा शब्द से बना विशेषण है-**

(a) यशसा (b) यशस्वी

(c) याशत्व (d) यशी

**17. माली शब्द का स्त्रीलिंग रूप होगा-**

(a) मालिनी (b) मालिन

(c) मालि (d) मलिनी

**18. 'आग में घी डालना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**

(a) और भड़काना (b) आग लगाना

(c) अपने मन की करना (d) व्यर्थ का कार्य करना

**19. 'जिसके समान कोई दूसरा न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**

(a) शक्तिशाली (b) प्रतिभाशाली

(c) अद्वितीय (d) पराक्रमी

**20. 'वर' शब्द का सही स्त्रीलिंग जोड़ा है-**

(a) नर (b) वधू

(c) पत्नी (d) औरत

**21. भारत की राष्ट्रभाषा और राजभाषा क्या है?**

(a) अंग्रेजी (b) हिन्दी

(c) उर्दू (d) पंजाबी

**22. अंग्रेजी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?**

(a) उड़िया (b) फारसी

(c) रोमन (d) देवनागरी

**23. वे शब्दांश, जो शब्द के पूर्व जुड़ते हैं, कहलाते हैं-**

(a) प्रत्यय (b) उपसर्ग

(c) क्रिया (d) मुहावरे

**24. 'पराजय' शब्द में उपसर्ग है-**

(a) परा (b) प्र

(c) परि (d) निर्

**25. 'पुराण' में 'इक' प्रत्यय लगाने पर सही शब्द रूप होगा-**

(a) पुराणिक (b) पौराणिक

(c) पेराणिक (d) पुराणेक

## Section–II English (अंग्रेजी)

**26. She wants to become________engineer.**

(a) A (b) An

(c) The (d) No article

**27. Diwali is_________20 November this year.**

(a) In (b) On

(c) At (d) By

**28. He is both a singer_________drummer.**

(a) And (b) That

(c) Then (d) Or

**29. Tick the correct synonym of 'blend'**

(a) Uncombined (b) Separate

(c) Hang (d) Mix

**30. Tick the correct antonym of 'huge'**

(a) Big (b) Giant

(c) Major (d) Small

**31. Tick the correct word for the one word substitution of 'one who cannot speak'**

(a) Deaf (b) Dumb

(c) Limb (d) Blind

**32. Tick the correct word for the one word substitution of 'that which is against law'**

(a) Legal (b) Lawful

(c) Illegal (d) Both a and b

**33. Tick the correct word for the one word substitution of 'the point where the earth and the sky seem to meet'**

(a) Horizon (b) Vertical

(c) Mistake (d) Conscious

**34. _______ Knowledge is a dangerous thing.**

(a) Few (b) A few

(c) A little (d) Much

**35. _______ book is this?**

(a) Who (b) Whose

(c) That (d) Whom

**36. _______the eggs are in the basket.**

(a) All (b) None

(c) Many (d) Much

**37. Chittorgarh_________the rajuput warriors fought against the mughals is a famous place.**

(a) Which (b) What

(c) That (d) Where

**38. This is the house in _________ We live.**

(a) what (b) which

(c) who (d) whose

**39. CEL__B__ATE**

(a) R, E (b) E, R

(c) T, R (d) A, R

**40. Tick the correct gender.**

**Abdul was a brave_________. (girl)**

(a) Girl (b) Boy
(c) Lady (d) Men

**41. Tick the correct gender.**
**The_________was angry with her. He scolded her very much. (queen)**
(a) Queen (b) Princess
(c) King (d) Lady

**42. Choose the option with correct punctuation-**
**Rohit always will be my study partner.**
(a) Rohit will always be my study partner.
(b) Rohit Always Will Be My Study Partner.
(c) Rohit always will be my Study Partner.
(d) All of these.

**43. Tick the correct word for the one word substitution of 'A person who lives near ones house'.**
(a) Neighbourhood (b) Friend
(c) Tinker (d) Neighbour

**44. The kids are hiding_______ the table.**
(a) In (b) Under
(c) Over (d) For

**45. The book is________the scientists.**
(a) About (b) In
(c) Up (d) In front

**46. Choose the correct article:**
**She adopted ____ honest approach in her work.**
(a) a (b) an
(c) the (d) no article

**47. Choose the correct article:**
**I saw ______ elephant at the zoo.**
(a) a (b) an
(c) the (d) no article

**48. Choose the correct article:**
**______ sun rises in the east.**
(a) a (b) an
(c) the (d) no article

**49. Fill in the blank:**
**She is interested ______ learning Spanish.**
(a) for (b) at
(c) in (d) on

**50. Fill in the blank:**
**The cat is hiding _______ the table.**
(a) on (b) over
(c) under (d) above

## Section-III : Mathematics (गणित)

**51. पाँच अंकों की सबसे बड़ी संख्या है-**
(a) 11111 (b) 22222
(c) 77777 (d) 99999

**52. 83427 में 4 का स्थानीय मान है-**
(a) 400 (b) 4000
(c) 40 (d) 4

**53. 6750 + 3222 का मान होगा-**
(a) 9972 (b) 9872
(c) 8972 (d) 9962

**54. 220 का 50 से गुणा करने पर संख्या आएगी-**
(a) 270 (b) 225
(c) 11000 (d) 1100


**55. यदि 12 पेंसिलों का मूल्य 24 रूपये हो तो एक पेंसिल का मूल्य होगा-**
(a) 10 रूपये (b) 5 रूपये
(c) 2 रूपये (d) 1 रूपया

**56. 8 का परम मित्र अंक कहलाता है-**
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

**57. 2 व 5 के प्रथम तीन समान गुणज हैं-**
(a) 2, 5, 10 (b) 5, 10, 15
(c) 10, 20, 30 (d) 10, 15, 30

**58. 6 के गुणनखण्ड हैं-**
(a) 1, 3, 6 (b) 3, 6
(c) 1, 2, 3 (d) 1, 2, 3, 6

**59. दिये गये चित्र में छायांकित भाग का भिन्न रूप लिखिए-**



(a) $\frac{2}{3}$ (b) $\frac{3}{5}$
(c) $\frac{3}{2}$ (d) $\frac{2}{5}$

**60. भिन्न $\frac{2}{5}$ की दशमलव संख्या होगी-**

(a) 0.2 (b) 0.5
(c) 2.5 (d) 0.4

**61. निम्न में बड़ी संख्या है -**

(a) 10000 (b) 99999
(c) 98599 (d) 89599

**62. 800 – 499 का मान होगा -**

(a) 201 (b) 401
(c) 301 (d) 501

**63. रमेश ने 1549 रुपए में से 245 रुपए के जूते खरीदने में खर्च कर दिए तो रमेश के पास शेष धन बचा -**

(a) 1403 रुपए (b) 1304 रुपए
(c) 1340 रुपए (d) 1440 रुपए

**64. बिस्किट के एक पैकेज में 12 बिस्किट आते हैं तो 250 पैकेज में बिस्किट की संख्या होगी-**

(a) 3250 (b) 2800
(c) 2500 (d) 3000

**65. 352 ÷ 16 का मान होगा -**

(a) 176 (b) 0
(c) 22 (d) 48

**66. संख्या 623 में चरम अंक है -**

(a) 6 (b) 2
(c) 3 (d) 0

**67. 7 का एक न्यून या $\underset{\cdot}{7}$ का अर्थ होता है -**

(a) 5 (b) 3
(c) 6 (d) 2

**68. 12199........21200 में रिक्त स्थान में चिन्ह आएगा–**

(a) $<$ (b) $>$
(c) $\leq$ (d) =

**69. 16 निम्न में से गुणज है -**

(a) 1, 2, 4, 8 व 16 का (b) 2, 4 व 10 का
(c) 3, 4 व 8 का (d) 3, 5 व 8 का

**70. 3,8,13,17,23 में गलत पद है -**

(a) 8 (b) 17
(c) 13 (d) 23

**71. सत्य कथन हैं -**

(a) 5 - 7 = 7 – 5 (b) 0 - 5 = 5 - 0
(c) 8 - 3 = 5 = 3 + 2
(d) 12 - (7 - 1) = (12 - 7) - 1

**72. निम्न में से सबसे बड़ी संख्या हैं -**

(a) 3452 (b) 3442
(c) 344 (d) 33452

**73. निम्नलिखित संख्याओं में से चार अंकों की संख्या हैं?**

(a) 321 (b) 32
(c) 10125 (d) 1324

**74. 6 का परम मित्र अंक कहलाता है -**

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

**75. 321468 × 1 का मान होगा -**

(a) 1 (b) 321468
(c) 32146 (d) 0

## Section-IV : Environmental Studies (पर्यावरण अध्ययन)

**76. निम्न में से कौनसे राज्य में कडाणा बाँध बनने से गलियाकोट कस्बा डूब क्षेत्र में आ गया?**

(a) गुजरात राज्य में (b) राजस्थान राज्य में
(c) उत्तर प्रदेश राज्य में (d) मध्यप्रदेश राज्य में

**77. ब्रेल लिपि में कितने बिन्दु हैं?**

(a) 9 बिन्दु (b) 8 बिन्दु
(c) 7 बिन्दु (d) 6 बिन्दु

**78. संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा किस दिन को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया?**

(a) 21 जुलाई (b) 21 जून
(c) 21 मई (d) 21 अप्रैल

**79. कबड्डी में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?**

(a) 10 (b) 8
(c) 7 (d) 5

**80. चिपकों आन्दोलन में कितने लोगों ने अमृता देवी विश्नोई के साथ बलिदान दिया था?**

(a) 400 (b) 369
(c) 363 (d) 360

**81. मछली अपना भोजन किस तरीके से प्राप्त करती है?**

(a) चूस कर (b) चुग कर
(c) चबा कर (d) निगल कर

**82. निम्न में से केवल स्थल पर रहने वाला जानवर कौनसा हैं?**

(a) मगरमच्छ (b) कुत्ता
(c) कछुआ (d) मछली

**83. घर के आस-पास गंदा पानी एकत्रित होने से मच्छर पनप रहे हैं, किस रोग के फैलने की सम्भावना हैं?**

(a) पीलिया (b) मलेरिया
(c) पोलियो (d) हैजा

**84. निम्न में से कौनसी वस्तु का माप लीटर है?**

(a) नमक (b) आटा
(c) तेल (d) चीनी

**85. भोजन का पाचन कहाँ से शुरू होता है?**

(a) ग्रसिका से (b) आमशय से
(c) आंतों से (d) मुँह से

**86. संविधान निर्माण की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे?**

(a) विक्रम साराभाई (b) पं. जवाहरलाल नेहरू
(c) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (d) मदनमोहन मालवीय

**87. राष्ट्र का शिक्षक किसे कहते हैं?**

(a) विक्रम साराभाई (b) मदन मोहन मालवीय
(c) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर (d) पं. जवाहरलाल नेहरू

**88. सूर्य नमस्कार में कितने चरण होते हैं?**

(a) आठ (b) दस
(c) बारह (d) सात

**89. रणथम्भौर का दुर्ग किस जिले में स्थित है?**

(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) अजमेर (d) सवाई माधोपुर

**90. निम्न में से किस समाज के लोग खेजड़ी के पेड़ों को बहुत मानते थे?**

(a) बौद्ध समाज के (b) विश्नोई समाज के
(c) जैन समाज के (d) मुस्लिम समाज के

**91. आपकी माताजी के पति आपके क्या लगते हैं?**

(a) पिताजी (b) भतीजा
(c) चाचाजी (d) ताऊजी

**92. सरदार पटेल ने किस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया?**

(a) महाकाल (b) सोमनाथ
(c) वैद्यनाथ (d) रामेश्वरम्

**93. ब्रेल लिपि के आविष्कारक थे-**

(a) अवलोकित (b) लुई ब्रेल
(c) रोनाल्ड रॉस (d) गेलीलियो

**94. सेरेब्रल पॉल्सी क्या है?**

(a) एक मशीन (b) एक बीमारी
(c) एक वैज्ञानिक (d) एक स्थान

**95. प्रतिवर्ष गाँधी जयन्ती मनायी जाती है-**

(a) 2 नवम्बर को (b) 2 जनवरी को
(c) 2 अक्टूबर को (d) 10 अक्टूबर को

**96. लोकतंत्र में सरकार बनाने के लिए प्रक्रिया अपनाई जाती है-**

(a) एकमत होने की (b) संगठन की
(c) खेल की (d) चुनाव की

**97. लैंटाना का पौधा भारत में लाया गया-**

(a) यूरोप से (b) दक्षिणी अमेरिका से
(c) चीन से (d) आस्ट्रेलिया से

**98. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है?**

(a) सवाई माधोपुर में (b) अलवर में
(c) भरतपुर में (d) बाड़मेर में

**99. अण्डे देने का कार्य कौनसी चींटी करती है-**

(a) सैनिक चींटी (b) लाल चींटी
(c) रानी चींटी (d) काली चींटी

**100. माही बाँध स्थित है-**

(a) बाँसवाड़ा में (b) अजमेर में
(c) कोटा में (d) उदयपुर में